समापन | ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल शिविर का समापन

# 120 खिलाड़ियों ने सीखीं खेल की तकनीक



**नवभारत,जबलपुर।** जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन वॉलीबॉल शिविर का समापन राम मंदिर जी.सी.एफ. एवं सतपुला स्पोर्टिंग क्लब में आयोजित किया जाएगा। यह कैम्प जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर तथा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं संघ सचिव एडवोकेट नीलम चंसोरिया के मार्गदर्शन में 1 मई से संचालित किया जा रहा था। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न विद्यालयों के करीब 120 बालक-बालिकाओं ने नियमित रूप से सुबह एवं शाम प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों में खेल के प्रति उत्साह, अनुशासन और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली, साथ ही उनके शारीरिक एवं मानसिक पर भी सकारात्मक सुधार दर्ज किया गया। कैम्प के सफल संचालन में प्रशिक्षक मोहन सिंह चंदेल, लल्ला श्रीवास, अशोक नामदेव, एडवर्ड जोसफ, शैलेन्द्र सोनी, गजराज वैद्य, जितेन्द्र राजपूत एवं पंकज कुशवाहा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अंतर क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता आज से

**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय खेल एवं कला परिषद, मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के तत्वावधान में 48वीं अंतर क्षेत्रीय तैराकी प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन आज 18 जून एवं 19 जून को रामपुर स्थित तरणताल में किया जा रहा है। मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र द्वारा होस्ट की जा रही इस दो दिवसीय स्पर्धा का उद्देश्य ऊर्जा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच खेल भावना, आपसी समन्वय और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न तैराकी स्पर्धाओं में प्रतिभागी अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करेंगे, जिससे ऊर्जा विभाग की विभिन्न इकाइयों के बीच खेल, सौहार्द और समन्वय सुदृढ़ होगा। इस आयोजन में ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्य प्रदेश पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के विभिन्न क्षेत्रों और संभागों से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसके तहत कॉर्पोरेट ऑफिस, जबलपुर क्षेत्र, चचाई जनरेशन क्षेत्र, भोपाल क्षेत्र, शहडोल क्षेत्र, सिरमौर जनरेशन क्षेत्र, इंदौर क्षेत्र, बिरसिंहपुर प्लांट और खंडवा प्लांट सहित अन्य क्षेत्रों की टीमें शामिल हो रही हैं, जिनके लिए आयोजन समिति मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र द्वारा सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों और खेल प्रेमियों से उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया गया है।



# जबलपुर में खेल संस्कृति और अभिभावक कल्याण को मुख्यधारा में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम एवं जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2020 से 2026 तक नर्चरिंग नेबरहुड्स पहल के अंतर्गत जबलपुर की यात्रा को प्रदर्शित एवं उत्सव के रूप में मनाने के लिए एक शहर स्तरीय कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", निगमाध्यक्ष रिंकू विज, एम.आई.सी. सदस्य, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार, जबलपुर विकास प्राधिकरणय मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक वैद्य, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, मुख्य चिकित्सा डॉ. नवीन कोठारी एवं स्वास्थ्य अधिकारीय सौरभ सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यशाला में नगर निगम के गार्डन विभाग, कॉलोनी सेल एवं लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं, जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ, पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग म.प्र., जबलपुर विकास प्राधिकरण तथा विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों जैसे ओम साईं विजन स्वच्छ भारत मिशन आईईसी टीम, रंगबहारण सामाजिक एवं सांस्कृतिक कल्याण समिति, रचना एनजीओ एवं ट्रेक्सपर्ट के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी हितधारकों ने मिलकर जबलपुर में शहरी विकास के अंतर्गत युवा बच्चों एवं देखभालकर्ताओं केंद्रित दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाने और दीर्घकाल तक बनाए रखने हेतु रोडमैप पर विचार-विमर्श किया।

# सोनकर खटीक समाज ने किया जेडीए अध्यक्ष का अभिनंदन



**नवभारत,जबलपुर।** सोनकर खटीक समाज जबलपुर द्वारा घमापुर चौक स्थित कार्यालय में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नव-निर्वाचित जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अध्यक्ष माननीय संदीप जैन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद आलोक संजर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन और युवा साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने जबलपुर शहर के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला अध्यक्ष डॉ. अमीर चंद सोनकर, राम अवतार सोनकर, सुदर्शन सोनकर, पिंटू सोनकर, कुंदन सोनकर, सुशील सोनकर, एडवोकेट बलराज सोनकर, अनिल सोनकर सहित समाज के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्वजन उपस्थित रहे।



## डंपर पलटा बाल बाल बचे चालक- परिचालक

**नवभारत/तेंदूखेड़ा।** बुधवार को सुबह सुबह एक डंफर अचानक गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर पलटी मार गया। जिसमें चालक परिचालक बाल बाल बच गए। हमारे प्रतिनिधि को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क मार्ग पर साइड पट्टी पर मुरम डाली जा रही थी जैसे ही डंफर द्वारा मुरम डाले जाने को आगे बढ़ा ही था कि अचानक एक तरफ पलट गया।

# इरा नंदनी कायस्थ विमेन क्लब की शानदार रेट्रो थीम पार्टी



**नवभारत, जबलपुर।** होटल सिंघई पैलेस में इरा नंदनी कायस्थ विमेन क्लब द्वारा 1960 से 1970 के दशक की फिल्मी अभिनेत्रियों के दौर की याद में एक शानदार रेट्रो थीम पार्टी का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर क्लब की सभी महिला सदस्यों ने उस सुनहरे दौर को जीवंत करते हुए पोल्का डॉट्स वाले पारंपरिक रेट्रो कपड़े पहने थे। निधि, रेखा और ममता श्रीवास्तव के कुशल संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में सदस्यों ने रेट्रो थीम व हाउसिंग पर आधारित विभिन्न मनोरंजक खेलों का आनंद लिया। समारोह के दौरान सभी महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ रैंप वॉक में भाग लिया और कुछ सदस्यों ने उस दौर के सदाबहार पुराने गानों पर खूबसूरत डांस परफॉर्मेंस दी। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट पहनावे के लिए पुरस्कार बांटे गए, जिसमें रुचि श्रीवास्तव ने प्रसिद्ध अभिनेत्री आशा पारेख का रोल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शीतल श्रीवास्तव को बेस्ट हेयर स्टाइल, निधि खरे को बेस्ट मॉडर्न ड्रेस और भावना श्रीवास्तव को मैक्सिमम एक्सेसरीज़ का अवार्ड मिला।

इस उमंग भरे आयोजन में शीतल श्रीवास्तव, रुचि, निधि, आरुषि, राजश्री खरे, निधि खरे, सिमरन, रेखा, अंजू, शशि श्रीवास्तव सहित क्लब की अन्य कई सदस्य मौजूद रहीं।

## जन एकता गौसेवा समिति ने घायल गौमाता का कराया इलाज

**नवभारत/गोटेगांव।** जन एकता गौसेवा समिति के सदस्यों ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। सड़क पर घूम रही एक गौमाता के पैर में चोट लगने से वह घायल हो गई थी। सूचना मिलते ही समिति के सदस्य मौके पर पहुंचे और डॉक्टर चंद्र प्रकाश मेहरा से उसका इलाज करवाया। समिति के सदस्यों ने बताया कि वे लगातार सड़कों पर घूमने वाली बीमार और घायल गौवंश का इलाज कराते हैं। समिति का उद्देश्य गौमाता की सेवा करना और उन्हें सुरक्षित रखना है। समिति सदस्यों ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि समिति गौमाता के लिए %रोटी बैंक% नाम से एक मुहिम भी चला रही है। यदि आपके घरों में रोटी या खाना अतिरिक्त बचता है तो उस खाने को समिति के सदस्यों से संपर्क कर गौमाता तक पहुंचा सकते हैं।

# दीवार विवाद बना खूनी संघर्ष, भतीजे ने हथौड़ी मारकर की चाचा की हत्या




**नवभारत/ गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम देगुवा झांसीघाट में एक घर की दीवार ने रिश्तों का ही खून कर दिया। मकान निर्माण के दौरान चाचा-भतीजे में हुए विवाद में भतीजे ने हथौड़ी मारकर चाचा की हत्या कर दी। घटना की चर्चा पूरे क्षेत्र में तेजी से फैल गई। जानकारी के अनुसार मृतक फूल सिंह मेहरा (62) अपने घर में मकान निर्माण का कार्य करा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपने भतीजे सोनू मेहरा से दीवार नहीं उठाने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्से में आकर सोनू ने अपने चाचा फूल सिंह के सिर पर हथौड़ी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल फूल सिंह को आरोपी पक्ष के सदस्य ही गोटेगांव के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों को बताया गया कि फूल सिंह छत से गिर गए हैं। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल जबलपुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान फूल सिंह की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान गोटेगांव पुलिस को देगुवा में हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पूछताछ में सामने आया कि फूल सिंह को उनके ही भतीजे सोनू झारिया ने विवाद के दौरान हथौड़ी मारकर घायल किया था। पुलिस जांच में सच्चाई सामने आने के बाद आरोपी को कुछ ही घंटों में हिरासत में ले लिया गया।

# आदेश के बाद भी पेड़ की अधूरी कटाई

▶ सिंहवाहिनी वार्ड के नागरिकों ने एसडीएम से लगाई गुहार

**नवभारत, मंडला।** जिला मुख्यालय के सिंहवाहिनी वार्ड क्रमांक 09 में एक खतरनाक वृक्ष की अधूरी कटाई कर छोड़ दिया गया है। जिससे वार्डवासियों पर खतरा मंडरा रहा है। इस पेड़ की वजह से पूरे मोहल्ले में कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। बताया गया कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद काम को बीच में ही छोड़ देने के कारण नाराज वार्ड वासियों ने एक बार फिर एसडीएम को पुन: आवेदन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी अनुसार वार्ड निवासी अब्दुल मजीद एवं अन्य मोहल्ले वासियों ने पूर्व में आयोजित जनसुनवाई में जिला कलेक्टर के समक्ष इस खतरनाक पेड़ को हटाने की गुहार लगाई थी। जनसुनवाई में अधिकारियों द्वारा पूरे वृक्ष को काटने का स्पष्ट आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के परिपालन में नगरपालिका की टीम मौके पर पहुंची तो सही, लेकिन हमेशा की तरह इस बार भी पेड़ की बीच की शाखाएं, डालियां वैसे ही छोड़ दी गईं और काम अधूरा बंद कर दिया गया।





### विद्युत लाइन का हवाला देकर पल्ला झाड़ रही नगरपालिका

नागरिकों का आरोप है कि नगरपालिका द्वारा छांटाई का कार्य शुरू तो किया गया, लेकिन बाद में पेड़ के ठीक नीचे से गुजर रही विद्युत लाइन का हवाला देकर काम को अचानक रोक दिया गया। इसके बाद नगरपालिका सीएमओ के निर्देश पर जब आवेदकों ने विद्युत विभाग से सर्वे कराया, तो बिजली विभाग ने भी माना कि यह पेड़ बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है. विद्युत विभाग ने यह आश्वासन भी दिया था कि जब भी पेड़ काटने का काम किया जाएगा, वे अस्थाई रूप से बिजली की सप्लाई बंद कर देंगे, इसके बावजूद काम को गति नहीं मिल सकी।

शिविर | अंतिम दिन भी सभी 16 संभागों में लगेगें जनकल्याण योजना के शिविर

# घमापुर रामलीला मैदान के शिविर में सैंकड़ों हितग्राही लाभान्वित



**नवभारत, जबलपुर।** भारत सरकार एवं राज्य द्वारा संचालित जनकल्याण योजना के शिविर लगाने के संबंध में प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत् नगर निगम द्वारा नागरिकों और हितग्राहियों को शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए शहर के सभी 16 संभागों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" ने बताया कि जनकल्याण योजना शिविर आज 18 जून को भी सभी संभागों में लगेगें। इसी तारतम्य में महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" और पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर ने घमापुर रामलीला मैदान में संचालित जनकल्याण योजना के शिविर में पहुँचे और शिविर में उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा की। महापौर ने बताया कि शिविरों में मुख्य रूप से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मण्डल योजना, राशन संबंधी पात्रता पर्ची जारी करना एवं सुधार के आवेदनों का त्वरित निराकरण और सहायता प्रदान की जा रही है। हितग्राहियों की सुविधा और मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शिविर में हेल्प डेस्क और रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाया गया है। यहाँ हितग्राही अपना जरूरी काम एक ही छत के नीचे करा पा रहे हैं। आयोजित शिविर में महापौर और पूर्व मंत्री के साथ एम.आई.सी. सदस्य विवेक राम सोनकर, पार्षद विमल राय, गोवर्धन कश्यप, अंजना मनीष अग्रहरि, वर्षा मुकेश बिरहा, मण्डल अध्यक्ष अमित राय, ऋषि सोनकर, पूर्व पार्षद मुंशी प्रजापति, विक्की चैधरी, संजू ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## सब स्टेशन में बारिश से पहले मेंटेनेंस कार्य शुरू अधिकारियों ने दिए निर्बाध सप्लाई के निर्देश

**नवभारत/ गोटेगांव।** बरसात को देखते हुए गोटेगांव सब स्टेशन में मेंटेनेंस का कार्य कराया जा रहा है। सहायक अभियंता संदीप रघुवंशी एवं शहर प्रभारी उदय सिंह के दिशा निर्देशन में यह कार्य कराया जा रहा है। अधिकारियों ने मेंटेनेंस कार्य के दौरान सामान्य उपभोक्ताओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। कोशिश की जा रही है कि मेंटेनेंस के कारण विद्युत सप्लाई प्रभावित न हो। मेंटेनेंस कार्य के दौरान अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर काम का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि बारिश के मौसम में फॉल्ट की समस्या बढ़ जाती है, इसलिए पहले से लाइनों, ट्रांसफार्मर और सब स्टेशन उपकरणों की जांच व मरम्मत की जा रही है। विभाग का कहना है कि बरसात में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिले, यही लक्ष्य है।

# पनपथा गांव में देर रात सन्नाटे में धू-धू कर जला ट्रक

▶ लाखों रुपये के नुकसान का अंदेशा

**चिल्हारी नवभारत 17 जून।** इंदवार थाना क्षेत्र के बरही-मानपुर मार्ग एसएच-10 पर स्थित पनपथा गांव के हाई स्कूल के पास रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 2 से 2:30 बजे एक छह चकिया ट्रक अचानक आग की लपटों में घिर गया। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा।

हादसे में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है, जबकि चालक सुरक्षित है। जानकारी अनुसार कटनी का यह ट्रक कटनी से ब्यौहारी के टिहकी गांव की ओर जा रहा था। देर रात होने के कारण चालक ने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर विश्राम करना उचित समझा और पास ही सो गया। इसी बीच अज्ञात कारणों से ट्रक में आग लग गई। जब तक चालक और आसपास के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले चुकी थी।



### आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते कार्रवाई होने से आसपास के क्षेत्र में आग फैलने से रोक लिया गया। घटना को और भी गंभीर इसलिए माना जा रहा है क्योंकि जिस स्थान पर ट्रक खड़ा था, उसके ठीक ऊपर 11 हजार केवी की विद्युत लाइन भी गुजर रही है। हालांकि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी या फिर इसके पीछे किसी असामाजिक तत्व की शरारत है।